卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 35 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦11 नवम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## जस्टिस संजीव खन्ना बने देश के नये मुख्य न्यायाधीश

नई दिल्ली। जस्टिस संजीव खन्ना ने सोमवार को देश के 51वें सीजेआई के तौर पर शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें शपथ दिलाई। राष्ट्रपति भवन के



अशोक हॉल में संजीव खन्ना ने शपथ ली। इस दौरान समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बता दें जस्टिस खन्ना चुनाव में ईवीएम की उपयोगिता बनाए रखना, चुनावी बांड योजना को खारिज करना, अनुच्छेद-370 के निरस्तीकरण के फैसले को कायम रखना और दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार के लिए अंतरिम जमानत प्रदान करने के फैसले देने वाले बेंच में शामिल थे।जस्टिस संजीव खन्ना दिल्ली के रहने वाले हैं और उन्होंने अपनी सारी पढ़ाई-लिखाई दिल्ली से ही की है। उनका जन्म 14 मई 1960 को हुआ था। उनके (शेष पृष्ठ सात पर)

## उपनल कर्मचारियों का दून में हल्ला बोल

देहरादून (उद संवाददाता)।मांगों को लेकर उपनल कर्मचारियों ने राजधानी में जोरदार प्रदर्शन किया। सचिवालय कूच के लिए हजारों की संख्या में उपनल कर्मचारी देहरादून के परेड ग्राउंड में सुबह से ही इकट्ठा होने लगे।यहां से विरोध प्रदर्शन करते हुए उपनल कर्मचारियों ने सचिवालय कूच किया। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बीच में बैरिकेटिंग लगाकर रोक दिया। इस दौरान पुलिस के साथ प्रदर्शनकारियों की तीखी नोंक झोंक हुई। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।राज्य निगम कर्म चारी महासंघ ने भी उपनल कर्मचारियों को अपना समर्थन दिया। बता दें कि कोर्ट के निर्देश के बाद भी उपनल कर्मचारियों



का नियमितीकरण नहीं हुआ है। जिसके खिलाफ उपनल कर्मी आंदोलित हैं। हजारों उपनल कर्मचारी लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन मांगे पूरी ना होने के कारण अब सड़कों पर उतर आए कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार का भी ऐलान किया है। उनका कहना है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी जाती हैं तो संगठन से जुड़े 22 हजार कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर चले जाएंगे। उपनल कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश संयोजक विनोद गोदियाल ने कहा कि हाईकोर्ट ने 2018 में उपनल कर्मचारियों को समान काम के लिए समान वेतन देने और नियमितीकरण के लिए नियमावली बनाने का फैसला सुनाया था, लेकिन सरकार ने फैसले पर अमल न कर इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की। सुप्रीम कोर्ट सरकार की एसएलपी खारिज कर चुका है। इसके बाद भी सरकार की ओर से हाईकोर्ट के 2018 के फैसले पर अमल नहीं किया गया। सरकार फिर से सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल करने की तैयारी में है। जिससे प्रदेश भर के उपनल कर्मचारियों में रोष है। वहीं भगवानपुर की विधायक ममता राकेश ने भी उपनल कर्मचारियों की मांग का समर्थन किया है।

## कांग्रेस नेता को जिला बदर करने पर हरदा ने किया मौन उपवास

देहरादून (उद संवाददाता)।कांग्रेस नेता माधव अग्रवाल और उनके पिता को जिला बदर करने के खिलाफ पूर्व सीएम हरीश रावत ने आज कार्यकर्ताओं के साथ एक घंटे का मौन उपवास अपना विरोध जताया। वहीं ऋषिकेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना भी दिया। बता दें कि कांग्रेस नेता माधव अग्रवाल और उनके पिता को पुलिस ने कल ही जिला बदर किया है। इसके विरोध में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अपने देहरादून स्थित निजी आवास पर एक घंटे का मौन उपवास किया। मौन व्रत तोड़ने के बाद हरीश रावत ने कहा कि अब सरकार राजनीतिक लोगों को सार्वजनिक अभिव्यक्ति पर भी पहरा लगा रही है। उन्होंने सरकार को चेतावनी



देते हुए कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न इसी तरह जारी रहा तो चौबीस घंटा या उससे अधिक उपवास किया जायेगा। इस लड़ाई को वह आगे लेकर जायेंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने कार्यकर्ता की रक्षा नहीं कर सकते तो हम लोकतंत्र और जनता के हितों की रक्षा कैसे करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी को नसीहत देते हुए कहा कि सत्ता व प्रशासन का अहंकार राज्य के लिए अच्छा नहीं है। हरीश रावत ने कार्यकर्ताओं से बड़ा विरोध प्रदर्शन करने का आहवान भी किया।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

### रात भर किनारे में पड़ा रहा शव, सुबह सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस

गदरपुर(उद संवाददाता)।रविवार देर रात सकेनिया रोड रजपुरा फॉर्म के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात वाहन सवार मौके से फरार हो गया। मृतक रातभर सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा रहा सोमवार की सुबह सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और शिनाख्त के बाद पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार देर रात्रि सकेनिया रोड



रजपुरा फॉर्म के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइकसवार युवक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।अंधेरे का फायदा उठाते हुए अज्ञात वाहन सवार फरार हो गया। सुबह आने जाने वाले किसी युवक ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में लेकर शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया और शव की शिनाख्त के लिए लोगों से जानकारी ली। मोटरसाइकिल के नंबर से मालिक का पता लगाया उसके बाद शव की पहचान सौरभ पुत्र छेदी लाल निवासी सुख शांति नगर के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर परिजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## पेंशन निस्तारण के बहाने एफडी से उड़ाए दस लाख

काशीपुर(उद संवाददाता)। साइबर क्राइम की एक और सनसनी खेज वारदात में ठगों ने महिला के पेंशन निस्तारण कराने के बहाने उसकी 30 लाख की एफडी पर बैंक से 10 लाख का लोन ले लिया। महिला को जब इसका पता चला तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। फ्रेन्ड्स कालोनी, मझरा रोड, लक्ष्मीपुर पट्टी काशीपुर निवासी सूफिया शाहीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका बचत खाता भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्कूटी पर एक किलो चरस ले जाता तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान ग्राम प्रधान के भाई को स्कूटी पर एक लाख की चरस ले जाते गिरफ्तार कर लिया। मामले की जानकारी देते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया की जनपद में नशीले पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान ग्राम झगडपुरी के पास बिना नंबर की स्कूटी को रोका गया तो उस पर सवार व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर स्कूटी को वापस मोडकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम द्वारा



शक होने पर उक्त व्यक्ति को तीव्र कार्यवाही करते हुए पकड लिया। इसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम पता इकरार पुत्र अबरार निवासी ग्राम धीमर खेडा थाना गदरपुर बताया। तलाशी लेने पर इसके पास से (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रोपर्टी के कार्यालय से चोरों ने पांच लाख उड़ाये

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने सिंह कॉलोनी स्थित एक प्रोपर्टी कार्यालय का ताला तोड़कर अलमारी से 5 लाख की नगदी उड़ा ली। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सिंह क्षेत्र की शांति विहार कालोनी में मुख्य सड़क



पर परमजीत सिंह का तोमर प्रॉपर्टी के नाम से कार्यालय है। बीती रात अज्ञात चोरों ने कार्यालय के मुख्य गेट का ताला तोड़ दिया औरऑफिस के दरवाजे के ऊपर का रोशन दान तोड़कर भीतर घुस गये। चोरों ने कार्यालय की (शेष पृष्ठ सात पर)

## ‘उत्तरांचल दर्पण’ की खबर से ‘जागे जिम्मेदार’

### सप्लाई लाइन के लीकेज की हुई मरम्मत, रुकी पेयजल की बर्बादी,निगाहें अब एनएचआई और पीडब्ल्यूडी पर

-अर्श-

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पिछले कई दिनों से रामपुर-नैनीताल हाईवे पर जल संस्थान के ऑफिस के सामने क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से लीकेज के कारण हजारों लीटर पेयजल की बर्बादी रोजाना हो रही थी, साथ ही सड़क पर पानी जमा होने के कारण सड़क भी लगातार टूट रही थी और हाईवे पर गहरे गड्ढे बनने लगे थे। जल संस्थान कार्यालय ऐन सामने रोजाना हो रही पेय जल की इस भारी बर्बादी एवं सड़क पर पानी जमा होने के चलते लोगों को आवागमन में हो रही





जल संस्थान की चौखट पर ‘दम तोड़ रही’ जल संरक्षण मुहिम

दिक्कत को लेकर ‘उत्तरांचल दर्पण’ ने दिनांक 7 नवंबर के अंक में ‘जल संस्थान की चौखट पर दम तोड़ रही जल संरक्षण मुहिम’ शीर्षक का समाचार सचित्र प्रकाशित किया था। खबर प्रशासन के बाद जिम्मेदार अधिकारी जाग उठे हैं और आनन- फानन जल संस्थान ऑफिस के सामने क्षतिग्रस्त हुई सप्लाई लाइन के लीकेज को दुरुस्त कर दिया गया है.सप्लाई लाइन की मरम्मत के परिणाम स्वरूप रोजाना होने वाली पेय जल की बर्बादी तो अब थम गई है, लेकिन श्मर्ज बढ़ता गया ज्यों ज्यों दवा कीश, की तर्ज पर फिलहाल मरम्मत स्थल की क्षतिग्रस्त हुई सड़क का पैच वर्क परिहार हो गया है. वह इसलिए, क्योंकि सप्लाई का लीकेज दुरुस्त करने के लिए सड़क के किनारे से बीचो-बीच तक खुदाई करनी पड़ी है और लीकेज दुरुस्त करने का कार्य समाप्त होने के बाद खोदी गई सड़क का पटान ठीक तरह से नहीं किया गया है। फल स्वरुप वाहनों की निरंतर आवाजाही के चलते मरम्मत के लिए खोदे गए स्थान की मिट्टी दब गई है और उस स्थान (शेष पृष्ठ सात पर)

# उम्र की सीमा में छूट देने की मांग तेज

## पुलिस कॉस्टेबल भर्ती में आयु सीमा की छूट देने की मांग पर मंथन में जुटा शासन

देहरादून(उद संवाददाता)। केदारनाथ उपचुनाव भाजपा के लिए साख का सवाल बन गया है। वहीं अब पुलिस भर्ती में आयु सीमा की छूट देने की मांग को लेकरयुवाओं का आंदोलन



भाजपा सरकार के लिए नई चुनौती खड़ी कर रहा है। प्रदेश के हजारों बेरोजगार युवाओं को पुलिस भर्ती में मौका नहीं मिलने से मायूसी छाई हुई है। हालांकि उत्तराखंड के युवाओं को राहत देने के लिए पुलिस मुख्यालय और शासन स्तर पर उच्चाधिकारियों ने भर्ती के लिए आयु सीमा में छूट देने को लेकर मंथन करना शुरू कर दिया है। पुलिस कांस्टेबल भर्ती उम्र में छूट 18 से 28 वर्ष करने की मांग की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बताया जा रहा है कि धामी सरकार इस मसले पर शीघ्र बड़ा फैसला ले सकती है। गौरतलब है कि बद्रीनाथ और मंगलौर उपचुनाव में हार के बाद केदारनाथ उपचुनाव में जीत हासिल करना भाजपा के लिए एक बड़ी चुनौती है। एक तरफ जहां कांग्रेस ने केदारनाथ में चुनाव जीतने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। तो वहीं अब भाजपा की मुश्किल बढ़ाने के लिए बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार भी तैयार दिखाई दे रहे हैं। बॉबी पंवार ने बीजेपी को खुली चुनौती दे दी है। उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने बीते रोज करो या मरो भीषण महारैली निकाल कर मुख्यमंत्री आवास कूच किया। बॉबी पंवार के नेतृत्व में उत्तराखंड बेरोजगार संघ के युवा बड़ी संख्या में रैली में शामिल हुए। बेरोजगार युवाओं की मांग है कि पुलिस कांस्टेबल भर्ती उम्र में छूट दी जाए और महिलाओं के लिए अलग से 500 पदों पर भर्ती की जाए। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार का कहना है कि जो भी लोग अभी तक एक भी बार पुलिस कांस्टेबल भर्ती में आवेदन नहीं कर सके हैं उम्र में छूट देने पर वो भी आवेदन कर सकते हैं। प्रदेश में 4000 पद रिक्त पड़े हुए हैं जिनमें से 500 पद महिलाओं को दिए जाने चाहिए। बॉबी पंवार ने सरकार को तीन दिन अल्टीमेटम भी दिया है। उनका कहना है कि अगर उनकी मांगे नहीं मानी जाती हैं तो जल्दी ही बेरोजगार संघ केदारनाथ उपचुनाव में सरकार के खिलाफ प्रचार करने काम करेगा। बेरोजगार संघ लोगों की बीच जाकर सरकार की सच्चाई सामने लाने का काम करेगा। भाजपा ने युवाओं से भ्रमित न होने की अपील की है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन ने कहा कि आज कल युवाओं को भटकाकर लोग अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने का काम कर रहे हैं। कुछ लोग युवाओं को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। केदारनाथ उपचुनाव में किसी प्रकार का दुष्प्रचार ना किया जाए और सरकार लगातार युवाओं और महिलाओं के लिए कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। कांग्रेस ने भी इस मामले को लेकर बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पवार का समर्थन किया है। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने सहमति जताते हुए कहा की सरकार को अगर सबक सिखाना है तो बेरोजगारों को केदारनाथ जरूर जाना चाहिए। कहीं ना कहीं जितने भी भर्ती घोटाले सामने आए हैं उनमें भाजपा की संलिप्ता सामने आई है। सरकार रिलेक्सेशन दे या न दे लेकिन बेरोजगारों को जाना चाहिए।

## ततैयों के झुंड ने दो भाइयों पर किया हमला, एक की मौत, दूसरा गंभीर

टिहरी। जौनपुर ब्लॉक के रियाट गांव में ततैयों के काटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसके भाई को मसूरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से गांव में मातम पसर गया है। जौनपुर क्षेत्र में करीब सवा माह पहले भी ततैयों के काटने से पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई थी। रियाट गांव के जबर सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह उसका बड़ा भाई सुरजन सिंह, भाभी भामू देवी और भाई राय सिंह गांव से दूर जंगल में बकरियां और गाय चराने गए थे। दोपहर करीब 12:30 बजे भाभी ने फोन कर सूचना दी कि उनके ऊपर ततैयों ने हमला कर दिया है। उसका पति और देवर बेहोश हो गए हैं। सूचना पर वह ग्रामीणों के साथ जंगल में घटना स्थल पर पहुंचे। बताया कि वहां बेहोश पड़े सुरजन और राय सिंह को ग्रामीणों की मदद से निजी वाहन से मसूरी अस्पताल ले जाने के लिए निकले।



करीब डेढ़ घंटे बाद वह अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने सुरजन सिंह(67) को मृत घोषित कर दिया। जबकि राय सिंह का अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल राय सिंह ने बताया कि भाई सुरजन पर ततैयों ने जैसे ही हमला किया तो वह और उनकी भाभी झाड़ियों में छिप गए थे। हालांकि उस पर भी ततैयों ने हमला किया था, लेकिन भाभी पूरी तरह सुरक्षित थीं। जौनपुर ब्लाक के ग्राम तुनेटा में भी इससे पहले 29 सितंबर 2024 को ततैयों के हमले में पिता-पुत्र की मौत हो गई थी। इस घटना के बावत पुलिस उप निरीक्षक आनंद सिंह रावत ने बताया कि अपराह्न करीब एक बजे रियाट गांव के जंगल में ततैयों के हमले में दो घायल होने की सूचना मिली थी। पुलिस के मौके पर पंहुचते ही घायलों को निजी वाहन से मसूरी अस्पताल ले गए थे।

## राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की बैठक से वापस लौटीं विस अध्यक्ष ऋतु खंडूरी

देहरादून(उद संवाददता)। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के 67 वें सम्मेलन से वापस लौट आई हैं। ऋतु खंडूरी भूषण ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मेरे साथ एक अन्य स्पीकर को एग्जीक्यूटिव कमिटी में नॉमिनेट किया गया है। इस बैठक में काफी अच्छी सकारात्मक चर्चाएं हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि हम अभी तक चौरिटी ऑर्गेनाइजेशन थे और ब्रिटिश रूल के तहत हमारे यहां काम होता था।



काफी समय से सभी देश लगे थे कि हम एक नॉन चौरिटेबल ऑर्गेनाइजेशन बनें। ताकि हम अच्छे इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के तहत अपनी जगह बना सके। इस बार ब्रिटिश सरकार के द्वारा ये निर्णय किया गया है और किंग ने ये स्पीच दी है कि हम अब सीपीए को चौरिटी से नॉन चौरिटी करने जा रहे हैं। आपको बता दें कि उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में भाग लेकर ऑस्ट्रेलिया दौरे से भारत लौट आई हैं। ये सम्मेलन सिडनी के अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया था। जहां उन्होंने विभिन्न देशों के सांसदों के साथ संसदीय लोकतंत्र और शासन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

## विदेश में नौकरी का झांसा देकर महिला से 23 लाख हड़पे

विकासनगर। उत्तर प्रदेश के बिजनौर के रहने वाले एक व्यक्ति ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर उत्तराखंड की एक महिला से 23,59,400 रुपये हड़प लिए। जब महिला ने पैसे व पुत्र के कागजात वापस मांगे तो आरोपी ने मां बेटे को जान से मारने की धमकी दी। महिला ने डीजीपी से शिकायत की। डीजीपी के निर्देश पर कोतवाली विकासनगर में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।डाकपत्थर निवासी ममता ने पुलिस महानिदेशक से विदेश में नौकरी दिलाने का लालच देकर धोखाधड़ी कर 23 लाख 59,400 रुपये हड़पकर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में एक व्यक्ति की लिखित शिकायत की। कहा कि उसके पुत्र ओजस चौहान ने होटल मैनेजमेन्ट का डिप्लोमा किया हुआ है। उसका व उसके पुत्र का सम्पर्क नीरज उर्फ साहिल निवासी अल्हैयारपुर अकबराबाद कोतवाली जिला बिजनौर यूपी से लगभग चार वर्ष पूर्व हुआ था, जिसने पुत्र ओजस को विदेश में नौकरी दिलाने का लालच दिया और विश्वास दिलाते हुए कहा कि वह कई लोगों की नौकरी विदेश में लगवा चुका है। आरोपी ने बताया था कि वह जयपुर में बिजनेस करता है। उसकी विदेश में बहुत जान-पहचान है और अच्छी पकड़ है। नीरज ने कहा कि सभी कागजात वह स्वंय तैयार करा देगा। जिसके लिये जो भी रुपया लगेगा, वो महिला को देना होगा। वह व उसका पुत्र आरोपी नीरज की बातों में आ गये और उसके कहने पर अलग-अलग तारीखों में 23,59,400 रुपये नीरज को दे चुके हैं। जिसके बाद नीरज उसे व उसके पुत्र को विश्वास दिलाता रहा कि कागजात पूरे करने में समय लगता है और पैसा भी अधिकारियों को देना पड़ता है। वह उसकी बातों पर विश्वास करती रही और यह सोचती रही कि जब उसका पुत्र विदेश नौकरी करने चला जायेगा, तब सब रूपया कमा लेगा। यही सोचकर वह अपने परिचित व रिश्तेदारों से रुपया उधार लेकर आरोपी नीरज को भेजती रही, लेकिन नीरज ने ना ही उसके बेटे को विदेश भेजा और ना ही रुपया वापस किया। जब महिला ने अपने रुपये मांगे तो नीरज टाल-मटोल करता रहा। महिला का कहना है कि अब नीरज कह रहा है कि वह नौकरी नहीं लगवा पाएगा। जब महिला ने कानूनी कार्रवाई करने की बात कही तो नीरज ने महिला व उसके बेटे को मारने की धमकी दी। नीरज की इस हरकत से महिला व उसका पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान है। पीड़ित महिला के अनुसार, पति के देहान्त के बाद जो पैसा फंड, क्लेम आदि मिला था, उस पैसे को उसने आरोपी नीरज को दे दिया है। फर्जीवाड़े से उसका पूरा परिवार मानसिक व आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। उधर, कोतवाल राजेश साह के अनुसार, मामले में आरोपी नीरज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## यूसीसी के कार्यान्वयन के लिए चार सदस्यीय समिति गठित

देहरादून(उद संवाददाता)। समान नागरिक संहिता अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूर्व आईएएस शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में चार सदस्यीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है, जिसे राज्यपाल ने स्वीकृति दी है। यह समिति यूसीसी लागू करने से संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मियों के प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, पोर्टल आदि में मार्गदर्शन और परामर्श सहायता देगी। समिति में दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़, अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा और स्थानीय आयुक्त अजय मिश्रा शामिल हैं। चूंकि, समिति अध्यक्ष समेत अन्य प्रमुख सदस्य यूसीसी के ड्राफ्ट और नियमावली बनाने में शामिल रहे हैं इसलिए कार्यान्वयन में भी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। यह समिति यूसीसी लागू करने के लिए ब्यूरोक्रेट्स के प्रशिक्षण, मास्टर ट्रेनर्स तैयार करने में सहयोग और वेबसाइट व मोबाइल एप से संबंधित परामर्श व मार्गदर्शन करेगी। इस समय यूसीसी नियमावली विधायी के पास है। पहले उम्मीद थी कि नियमावली बनने के बाद यूसीसी को राज्य स्थापना दिवस के आसपास देश के पहले राज्य के तौर पर प्रदेश में लागू किया जा सकता है, लेकिन विधायी द्वारा यूसीसी के तकनीकी पक्षों पर अभी विचार जारी है। माना जा रहा है कि विधायी से सत्यापित होने के बाद यूसीसी को लागू कर दिया जाएगा।

## आईएएस से अभद्रता मामले में बॉबी पंवार ने दर्ज कराए बयान

देहरादून(उद संवाददाता)। सचिव मीनाक्षी सुंदरम से अभद्र व्यवहार मामले में पुलिस ने बॉबी पंवार को अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस दिया था। जिसके बाद शनिवार शाम बॉबी पंवार कोतवाली नगर पहुंचे और अपने पक्ष में बयान दर्ज कराए। आईएएस से दुर्व्यवहार मामले में बॉबी पंवार को शुक्रवार को नोटिस जारी किया गया था। जिसके बाद शनिवार शाम बॉबी पंवार ने नगर कोतवाली पहुंच कर अपने पक्ष में बयान दर्ज कराए हैं। पुलिस ने आईएएस अधिकारी वाले पूरे घटनाक्रम से



जुड़ी जानकारी बॉबी पंवार से ली। पुलिस की पूछताछ में बॉबी पंवार ने कहा कि उनकी आईएएस अधिकारी से सिर्फ बहस हुई थी। पुलिस ने बयान लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि ऊर्जा सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने आरोप लगाया है कि बॉबी पंवार ने उनके और उनके स्टाफ के साथ अभद्रता की है।

## मॉल ऑफ देहरादून में पर्वत पर्व की धूम

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून के मॉल ऑफ देहरादून में तीन दिवसीय पर्वत पर्व मनाया गया जो 8 नवंबर से लेकर 10 नवंबर तक चला। इस पर्वत पर्व में उत्तराखंड के सांस्कृतिक और सभ्यता का मिश्रण दर्शकों को देखने के लिए मिला। पर्वत पर्व की शुरुआत अमित श्रीवास्तव डीआईजी उत्तराखंड होमगार्ड ने सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन एवं से जो टू ड्रग्स के जागरूकता के लिए बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। वहीं सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में उत्तराखंड के लोकनाट्य रमान एवं चक्रव्यूह पर्वत आरती की प्रस्तुति दी गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नेहा जोशी उपस्थित रहीं। सांस्कृतिक संध्या कि अन्य प्रस्तुतियों में अमित सागर एवं रोहित चौहान ने भी अपनी धमाकेदार प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वही इंडियन आइडल फेम रजत राठौर ने भी अपनी प्रस्तुति से पर्वत पर्व के समापन में दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में भारत कुकरेती भी उपस्थित रहे एवं उन्होंने सैन उत्तराखंड गाने का लॉन्च किया जो मॉल ऑफ देहरादून के ऊपर बनाया गया है स कार्यक्रम में मुख्य सहयोगी के रूप में डिस्कवर उत्तराखंड एवं लिलीमिन ने अपना सहयोग दिया।

## डीएम ने देवकी लघु वाटिका का किया अवलोकन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने रविवार को मंडलसेरा का दौरा किया।यहां वृक्ष प्रेमी के नाम से विख्यात किशन सिंह



मलड़ा द्वारास्वयं के पर्यत्नों से स्वनिर्मित देवकी लघु वाटिका में संरक्षित विभिन्न प्रजातियों को देखा और तैयार की गई वाटिका का अवकालोकन किया। डीएम ने वाटिका में उगाए जा रहें विभिन्न प्रकार की औषधीय एवं गुणकारी पौधों एवं पेड़ों के बारे में जानकारी लेते हुए उनके इस अभिनव प्रयासों की सराहना की।वहीं वाटिका में विभिन्न प्रकार के विलुप्त हो रही वृक्ष पादपों को संरक्षित करने,और स्वनिर्मित कर निशुल्क पर्यावरण संरक्षण के लिए वितरित किए जाने, और हर समय पर्यावरण संरक्षण के लिए अग्रणी कार्य करने को अतुलनीय बताया। डीएम ने कहा किपर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष मित्र से सीख लेना चाहिए। वाटिका में अनेक गुणकारी व औषधीय पौध देखनेपर डीएम गदगद हो गए। कहा कि इससे अन्य को भी प्रेरणा लेकर औषधीय एवं प्राकृतिक वनस्पतियों के सरंक्षण करने और स्वरोजगार के क्षेत्र में भी आगे आकर औषधीय और अन्य प्रकार के पौधों की खेती करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वैश्विक बाजार में इस प्रकार के औषधीय पौधों की महत्ता बढ़ेगी। किसान मेडिसिन एवं एरोमैटिक प्लांट के क्षेत्र में भी काम करें। इससे सीधे किसानों को लाभ मिलेगा और आर्थिकी मजबूत होगी। जिले में किसानो को औषधिय वनस्पतियों का रोपण

## सम्भाग स्तरीय खेलकूद समारोह का हुआ शुभारम्भ

पिथौरागढ़(उद संवाददाता)। एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के तत्वावधान में सम्भाग स्तरीय खेलकूद समारोह का शुभारम्भ सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम पिथौरागढ़ में मुख्य अतिथि भगत सिंह कोश्यारी पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड, एकल अभियान के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी माधवेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्नेह पाल सिंह, विधायक पिथौरागढ़ मयूख महर, दयानंद भट्ट, भारत भूषण चूघ ने मां भारती के चरणों में द्वीप प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से किया, सम्भाग स्तरीय खेलकूद समारोह में 11 अंचल क्रमशः खटीमा, ऊधम सिंह नगर, देहरादून, टिहरी, रूद्रप्रयाग, कर्ण प्रयाग, गोपेश्वर, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चम्पावत, के लगभग 400 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। जिसमे दौड़, ऊंची कूद, लम्बी कूद, कबड्डी, कुस्ती कि प्रतियोगिता चल का शुभारम्भ हुआइस अवसर पर ललित धानिक, गोविंद महर, अमित कश्यप,शांति पाण्डेय, भुवन चंद्र दीपक लोहिया ,ज्योत्स्ना जोशी, प्रमिला बोरा,निर्मला पांडे, मंजू बिष्ट, उमा पांडे, सरोज जोशी, रेखा जोशी, गीता बिष्ट, चांदनी कश्यप, राजेन्द्र रावत, राकेश देवलाल, बिरेंद्र बल्दिया , भास्कर दास



पाण्डेय, हरीश बजाज, विनय बत्रा, राकेश सिंह, जगदीश पाण्डेय, संतोष मिश्रा, लाल सिंह दायमा,कृष्णा भण्डारी, तारा कोरंगा, शंकर बिष्ट, प्रकाश तिवारी, भुवन चंद्र जोशी जी, जी, हेमंत तिवारी,प्रमोद सिंह, आशुतोष वाजपेई, कुलवीर सिंह,अरविन्द कन्नौजिया भावना, फाल्गुनी, रामेश्वरी, अखलेश, शोभा, धर्मवीर, अजीत सिंह, मनीषा, मोहन आदि उपस्थित रहे।

# लापता अनूप परिजनों को सौंप बिखेरी मुस्कान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देश पर चलाये जा रहे आपरेशन स्माईल अभियान के तहत सुश्री नीहारिका तोमर सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन रुद्रपुर, नोडल अधिकारी ऑपरेशन स्माइल टीम के दिशा- निर्देशन मे ऑपरेशन स्माईल टीम द्वारा एक और लापता बालक का पता लगाकर उसे उसके परिजनों को सौंप कर उनके चहरों पर मुस्कान बिखेरी। टीमू द्वारा रूद्रपुर और थाना ट्रांजिट कैंप में जाकर गुमशुदाओ की तलाश हेतु भौतिक सत्यापन किया गया और गुमशुदा बच्चों के परिवार से मिलकर उनके बारे में जानकारी की। इस दौरान टीम को पता चला कि 28 जून 2023 से बालक अनूप लापता है। जिसके बाद टीम ने उसके आधार कार्ड रन पर लगाकर और मोबाइल नंबर को सर्विलांस में लगाकर लोकेशन में लगााई जिमें हिमाचल, और बद्रीनाथ की आई और इसके बाद फोन बंद कर दिया। एक दिन गुमशुदा अनुप ने अपने परिवार में अपने माता-पिता को फोन करके बताया कि वह बद्रीनाथ से इस समय



हरिद्वार में है। तो इसके पिता चौखट प्रसाद निवासी सिसैया मेला घाट झनकैया जाकर उसके पिता से मिल अनुप के नया नम्बर लेकर नम्बर को सविलांस पर लगा कर इसका लोकेशन हरिद्वार मे आई और आपरेशन स्माइल टीम द्वारा अनुप को हरिद्वार रोडवेज से बरामद कर उसके पिता चौखट प्रसाद निवासी सिसैया मेला घाट झनकैया खटीमा में जाकर सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जीतो कंबोज, अपर उप निरीक्षक अमित कुमार, हेड कांस्टेबल सुभाष चंद्र, कांस्टेबल राकेश खेतवाल, महिला कांस्टेबल ममता मेहरा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल शामिल थे।

# खेलकूद रैली को डीएम ने दिखाई हरी झण्डी

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी एव हरिदत्त कापडी ने रविवार को नगर पालिका भाटकोट स्थित बारात घर में एकल प्रदेश स्तरीय खेलकूद रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियो से परिचय लिया एवं खेल में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों से खेल में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने को कहा। इस दौरान एकल प्रदेश स्तरीय खेलकूद के प्रभारी भारत भूषण चूघ ने जिलाधिकारी को पहाड़ी टोपी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं जिलाधिकारी को अवगत कराया की प्रदेश सरकार के निर्देशों के क्रम में एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा दो दिन श्री सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम पिथौरागढ़ में प्रदेश स्तरीय खेलकूद समारोह का आयोजन किया जाएगा, एकल अभियान सुदुरवर्ती ग्रामों के बच्चों को खेलों के प्रति सदैव प्रोत्साहित कर इन्हे आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा साथ ही ग्रामीण बच्चों को शिक्षित, संस्कारित करने के साथ साथ उन वनवासी एवं सुदुरवर्ती ग्रामीण बच्चों को अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से ग्राम ब्लाक एवं




जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर तक कबड्डी, कुस्ती, ऊंची कूद, लम्बी कूद के माध्यम से प्रतिभा निखारने एवं राष्ट्र निर्माण हेतु व्यक्तित्व निर्माण का कार्य सम्पूर्ण भारत के एक लाख से अधिक गांवों में करने का लक्ष्य रखा गया है।बता दें की रैली नगर पालिका बारात घर से 3 किलोमीटर तय करने के उपरांत श्री सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंची इसमें प्रतिभाग करने वाले चंपावत, चमोली, पिथौरागढ़, टिहरी, उधम सिंह नगर, अल्मोड़ा बागेश्वर, खटीमा आदि के खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया। उन्होंने यह भी बताया कि इस खेल कूद समारोह में सम्पूर्ण उत्तराखंड से लगभग 400 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे जिसमें जो प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे आगामी 8,9,10 फरवरी 2025 को भुवनेश्वर उड़ीसा में राष्ट्रीय स्तरीय खेलकूद समारोह में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान एकल प्रदेश स्तरीय खेलकूद से जुड़े पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# स्मैक ले जाता तस्कर किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व मे उप निरीक्षक शंकर नयाल, कांस्टेबल दिलशाद अहमद व करन सिंह दानू द्वारा बीती सायं चेकिंग के दौरान राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पीछे गली से एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से घूमते देखा। संदेह होने पर पुलिस ने उसे पकड़ कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता अरशद हुसैन पुत्र शाहिद निवासी गोपाल मंदिर के पास, नई बस्ती बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 12.89 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर आवश्यक पूछताछ करने के बाद अरशद को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।



# मजदूरी को गई महिला के साथ दुष्कर्म

जसपुर। मजदूरी करने गई एक महिला ने मकान मालिक के पुत्र पर दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। आरोपी के पिता ने महिला पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। जसपुर निवासी महिला ने कहा कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती है। चार साल पहले वह ग्राम राजपुर में काम करने गई थी। इस दौरान गांव निवासी फैजान उर्फ गुड्डू ने उससे कहा कि उसका मकान बन रहा है और वह वहां मजदूरी कर ले। इस पर उसने फैजान के घर पर काम करना शुरू कर दिया। आरोप है कि एक दिन फैजान उसे जबरन कमरे में ले गया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर उसने कपड़े फाड़ दिए और मुंह दबाकर पास रखी बैटरी उठा ली। बात नहीं मानने पर उसने उसपर तेजाब डालने की धमकी दी। आरोप है कि फैजान ने उसके साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से वीडियो भी बना ली। अगले दिन फैजान उसके घर आया और उसे अपने साथ ले जाने लगा। मना करने पर उसने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। बीती 14 अक्तूबर की शाम को फैजान ने घर आकर दुष्कर्म किया। कोतवाल जगदीश ढकरियाल ने बताया कि केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चार मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस निलंबित

जसपुर। क्षेत्र में नशे की दवाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने ड्रग इंस्पेक्टर के साथ मेडिकल स्टोरों पर छापा मारा। दवाइयों की जांच होने तक मेडिकल स्टोर बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। इससे मेडिकल स्टोर स्वामियों में अफरातफरी मची है।कोतवाल जगदीश ढकरियाल ने बताया कि मेडिकल स्टोरों पर नशे की दवाएं बेचने की शिकायत मिल रही थी। रविवार को ड्रग इंस्पेक्टर नीरज कुमार के साथ पुलिस ने संयुक्त टीम बनाकर क्षेत्र में अलहोदा मेडिकल स्टोर, एयाज मेडिकल स्टोर, नफीस मेडिकल स्टोर, भारद्वाज मेडिकल स्टोर और आजाद मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। औचक निरीक्षण में पाया गया कि आजाद मेडिकल स्टोर स्वामी सैंपल दवाओं की बिक्री कर रहा था।कुछ ने एक्सपायरी दवाओं को बिक्री डेस्क के पास रखा था। मेडिकल में दवाओं का रखरखाव ठीक नहीं था। अनियमितताएं पाए जाने पर सभी का लाइसेंस निलंबित करने की प्रारंभिक कार्यवाही ड्रग्स इंस्पेक्टर ने की। भारद्वाज मेडिकल स्वामी की ओर से मेडिकल लाइसेंस नहीं दिखाए जाने पर मेडिकल स्टोर को बंद करवाकर कागजात दिखाने के लिए सात दिन का समय दिया गया। नफीस मेडिकल स्टोर, अलहोदा मेडिकल स्टोर से जांच के लिए दवाइयों के सैंपल लिए गए। दोनों मेडिकल स्टोर को अगली कार्रवाई तक बंद रखे जाने के निर्देश दिए हैं। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि सैंपल की जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ युवती ने आठ साल बाद दर्ज कराया मुकदमा

सितारगंज। शक्तिफार्म की एक युवती ने युवक पर आठ साल तक उसका शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। उसने कहा कि युवक किशोरावस्था में उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी सहित आठ लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। एसएसपी को दी तहरीर में युवती ने बताया कि साल 2016 में 14 वर्ष की आयु में वह हारमोनियम सीखने के लिए एक संस्था में जाया करती थी। वहां उसकी मुलाकात शक्तिफार्म निवासी प्रकाश उर्फ अवनीश सुतार से हुई। बताया कि 2016 में प्रकाश ने अपने जन्मदिन पर उसे अपने घर बुलाया और दुष्कर्म किया। साथ ही अपने मित्र महेश मंडल की मदद से उसका वीडियो भी बना लिया। इसके बाद वह लगातार ब्लैकमेल कर उसे शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने लगा। 20 जनवरी 2018 को सितारगंज के एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। बाद में उसे युवक के पहले से शादीशुदा होने का पता चला। युवती के अनुसार वर्ष 2018 में उसका विवाह हुआ तो प्रकाश ने पति को वीडियो



दिखाकर शादी तुड़वा दी। कहा कि प्रकाश पत्नी को तलाक देकर उससे शादी करने की बात कहकर उसे पहले अपनी बहन के घर पीलीभीत और फिर वहां से उसे नोएडा ले गया। वहां कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए उसने षड्यंत्र के तहत परिजनों को बुलाकर उससे शादी कर ली। इसके दोनों शक्तिफार्म आए लेकिन तीन महीने बाद प्रकाश चुपचाप दिल्ली भाग गया। पुलिस से शिकायत करने पर वह उसे अपने साथ दिल्ली ले गया। इस बीच वह ढाई माह की गर्भवती हुई तो ननद संगीता ने दूध में दवा मिलाकर उसका गर्भपात करवा दिया। महिला का आरोप है कि सितंबर 2024 को प्रकाश दोबारा फरार हो गया। कोतवाल प्रकाश सिंह दानू ने बताया कि मामले में प्रकाश के अलावा महेश मंडल, तूलिका सुतार, लिपिक मंडल, रजनी मंडल, संगीता मंडल, राजेश मंडल और जयंत मंडल के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। सीओ सितारगंज बीएस चौहान ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज किया है। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# इंटर कालेज क्वैराली में गिरीश प्रबंधक और कैलाश बने अध्यक्ष

बागेश्वर (उद संवाददाता)।अशासकीय इंटर कालेज क्वैराली में प्रबंधन समिति का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया है। प्रबंधक समिति के लिए समिति से जुड़े लोगों ने आपसी रायसमारी से सभी पदों पर निर्विरोध चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से गिरीश टंगड़िया को प्रबंधक तथा कैलाश जोशी को अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही अन्य पदों पर हयात सिंह को उपाध्यक्ष, हरीश प्रसाद उप प्रबंधक, कुंदन बिष्ट को कोषाध्यक्ष चुना गया। जबकि मुख्य कार्यकारिणी के लिए प्रेम सिंह, जुगल कांडपाल, गोविंद सिंह, सतीश चंद्र, मोहन सिंह, दिनेश सिंह, धीरज कांडपाल, रमेश राम, भगवती प्रसाद, घनश्याम सिंह, किशोर कुमार को सदस्य बनाया गया। चुनाव का कुशलता से सम्पन्न कराने के लिए चुनाव पर्यवेक्षक डा.केएन कांडपाल, चुनाव अधिकारी महेश चंद्र पंत, प्रबंधक संचालक बसंत बल्लभ पांडेय, प्रधानाचार्य कैलाश अंडोला, कमला गोस्वामी, मनोज कुमार, सुंदर सिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य कैलाश अंडोला ने सभी पदाधिकारियों को विद्यालय परिवार को शिक्षण कार्य को बेहतर बनाने, विद्यालय को अपना अतुलनीय योगदान देने की अपील की। बताया कि प्रबंधक समिति में 53 सदस्य पंजीकृत थे। जिसमें 23 सदस्य बैठक में उपस्थित रहे।अब प्रबंधक समिति में सर्वसम्मति से चुने गए पदाधिकारियों को मुख्य शिक्षा अधिकारी के अनुमोदन मिलने के बाद विद्यालय में जल्द संवेधानिक तरीके से सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। वहीं नव प्रबंधन समिति ने विद्यालय परिवार के उत्तरोत्तर प्रगति के लिए कार्य करना अपनी प्राथमिकता बताया।

## सर्वसाधारण को सूचना

[illegible]

# तमंचे के बल पर बाइक और नगदी लूटी

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। पुलिस को चुनौती देते हुए दिनदहाड़े तमंचे के बल पर राहगीर से नगदी मोबाइल व बाईक लूट का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है। निकटवर्ती गांव नेताजिनगर निवासी सूरज हलदार ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए कहा कि शनिवार की दोपहर उसका भाई विश्वजीत हलदार बसंतीपुर गांव से अपने घर की ओर जा रहा था। इस दौरान सुनसान जगह पर दो युवकों ने उसकी बाईक रुकवाकर चाबी छीन ली और कनपटी पर तमंचा तान दिया। आरोप है कि दोनों ने इसकी बाइक, मोबाइल व जेब मे रखी 6 हजार की नगदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। उन्होंने थाना पुलिस को तहरीर देकर मामले के खुलासे को गुहार लगाई है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई है। इससे पूर्व भी ऐसी ही कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं। जिससे लोगों में खौफ का माहौल है।









# हर नागरिक को न्याय पाने का अधिकार

## बहुद्देशीय शिविर में चीफ जस्टिस मनोज कुमार तिवारी ने लोगों को दी कानूनी जानकारियां








सितारगंज(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर द्वारा जनजातीय अधिकारों का संरक्षण और परिवर्तन (नालसा) योजना 2015 के अंतर्गत सितारगंज के ग्राम सिसौना के विकास खण्ड कार्यालय के सभागार में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय/कार्यपालक अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल मनोज कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश/कार्यपालक अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल मनोज कुमार तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज अवकाश के दिन अपना अमूल्य समय देकर आयोजित इस बहुउद्देश्यीय शिविर को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि जनजाति समुदाय के साथ साथ इस क्षेत्र के दूर दराज के सभी लोगों को कानून की जानकारी के साथ साथ एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य आपको कानूनी अधिकारों से अवगत कराना व उन अधिकारों की रक्षा के लिए उचित कदम उठा कर प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को न्याय पाने का अधिकार है, लेकिन यह सुनिश्चित करना कि यह अधिकार हर नागरिक तक पहुँचे यह



हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल का मुख्य उद्देश्य सभी के लिए न्याय की पहुँच सुनिश्चित करना है।जिससे हर व्यक्ति को विशेष कर समाज के बच्चों को और हाशिये पर रहने वाले वर्गों को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और तालुका विधिक सेवा समितियां विभिन्न कानूनी सेवा प्रदान करती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी समाज, वर्ग या जाति से सम्बंधित हो न्याय प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि सुधार अधिनियम 1950 की धारा 157 अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति व्यक्तियों द्वारा अपनी जमीनों का विक्रय गैर अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को करने पर प्रतिबंध लगाता है ताकि ऐसी जमीनों पर बाहरी लोगों द्वारा कब्जा करने से बचाने के लिए सुरक्षात्मक प्राविधान उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि यह प्राविधान जनजाति समूह की जमीनों और उनके प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करता है ताकि अन्य लोग उनकी जमीनों पर कब्जा न कर सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा 2015 में जारी किए गए आदिवासी संरक्षण एवं प्रवर्तन योजना भी आदिवासी समुदाय की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं, इस योजना के तहत आदिवासी जनजाति के लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाता है और अगर यदि उनके जमीन या किसी अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर कोई संकट आता है तो उन्हें निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि यह योजना यह सुनिश्चित करती है कि जनजाति समुदाय का कोई सदस्य अपने अधिकारों से वंचित न रह सके और यदि किसी ने उनके अधिकारों का उल्लंघन किया है तो वह कानूनी मदद प्राप्त कर सके इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजाति समुदाय को अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना है और पुनः उन्हें अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सजग करना है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में शिक्षा व स्वास्थ्य का बड़ा महत्व है यदि हम जनजाति समुदाय की स्मृद्धि की बात करें तो हमे यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले और वे स्वास्थ्य सेवा आसानी से पहुँच सकें। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा जनजाति समुदाय के लोगों के लिए अवसर का दरवाजा खोलती हैं और उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ने में मदद करती है। उन्होंने कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले बच्चों व कलाकारों की सराहना की। उन्होंने विकास खण्ड कार्यालय में पौधरोपण किया। जिला जज स्किन्द कुमार त्यागी ने कहा कि और बड़े हर्ष का विषय माननीय न्यायमूर्ति कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जी की गरिमामयी उपस्थिति में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। उन्होंने न्यायमूर्ति तिवारी का स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि न्यायिक आचरण के मुख्य सिद्धान्त में स्वतंत्रता, निष्पक्षता, अखण्डता, औचित्य, समानता और परिश्रम का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति श्री तिवारी मे इन सभी का समावेश है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष की अवधि में 3 राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिनमे कुल 7412 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में 974 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गए जिनमे नियमानुसार विधिक साहयता पीड़ित पक्ष को उपलब्ध कराई गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 2 बहुउद्देश्यीय शिविरों का आयोजन किया गया एवं 1155 विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किये गए। इस अवसर प्रधान न्यायधीश मनीष मिश्रा, सदस्य राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप मणि त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेंद्र कुमार सागर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिसने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, कृषि, सहकारिता, पेयजल, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, डेरी विकास, उद्यान, राजस्व, आयुर्वेद, होम्योपैथिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिक्षा, मत्स्य, पशुपालन, एनआरएलएम आदि समस्त विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर क्षेत्रीय जनताओं को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर मा0 न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी के द्वारा कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय सितारगंज में आयोजित विज्ञान क्विज एवं गणित मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम आने पर राधिका, गणित मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम रागिनी, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले हेमा जोशी, नीतू, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम आने पर मनीषा दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम आने पर नीलम चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम आने पर त्रिशा ओझा, तृतीय आने पर सुब्रत व्यापारी एवं दिव्या सरकार निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम आने पर गौरव देवनाथ, द्वितीय आने पर नितिन मण्डल एवं विशाल मजूमदार को सम्मानित किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा कि शिविर में 4 ट्राईसाइकिल, 4 व्हील चेयर, 2 कान की मशीन, 3 जोड़े बैसाखी एवं 2 छड़ी लाभार्थियों को वितरित किये गए। श्रम विभाग द्वारा 300 कामगारों को टूलकिट, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई भी वितरित किये गए। इस अवसर पर श्रीमती मंजू तिवारी, सदस्य राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार मणि, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, प्रधान न्यायाधीश मनीष मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, अध्यक्ष बार एसोसिएशन दयानन्द सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेंद्र कुमार सागर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मनोज कुमार शर्मा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, अधिवक्तागण, जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

# अमेनिटी में नए संकल्पों के साथ आयोजित हुआ युगांतर वार्षिक महोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अमेनिटी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिन्दी जगत के जाने माने अभिनेता हेमंत पाण्डे रहे। विद्यालय प्रबंधन के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, बिलासपुर विधायक एवं राज्य मंत्री बलदेव औलख, गदरपुर विधायक अरविन्द पाण्डेय एवं पूर्व सांसद बलराज पासी ने आकर कार्यक्रम की शोभा बढाई। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का शीर्षक रखा गया श्युगान्तरश इसके अंतर्गत भारत के अतीत






से लेकर वर्तमान के अतर को दर्शाते हुए तीसरी महाशक्ति की ओर अग्रसर होते हुए कदमों से परिचित कराया गया। विद्यार्थियो द्वारा सारकृतिक कार्यकमों का भव्य मंचन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती इन्द्रा त्रिपाठी द्वारा विद्यालय की शैक्षणिक एवं शिक्षणेतर गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने प्रतिभाशाली एवं होनहार छात्र-छात्राओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा विद्यालय के अनुशासन एवं परीक्षा परिणाम की भी सराहना की गई तथा जीवन में अच्छे विद्यालय की उपयोगिता एवं उससे प्राप्त होने वाले लाभों से भी अवगत कराया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि हेमन्त पाण्डे ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गए कार्यक्रमों की सराहना की तथा विद्यालय द्वारा खेल एव शिक्षा दोनो के समन्वय को लेकर काफी तरीफ की। बलदेव सिंह औलख, अरविन्द पाण्डेय, तथा शिव अरोरा द्वारा विद्यालय के खेलों एवं शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। आने वाले समय और अधिक उर्जा के साथ खेल एवं शिक्षा दोनों के क्षेत्र में प्रदेश का नाम रोशन करेंगे ऐसी शुभकामनायें विशिष्ट अतिथियों ने दी। अंत में विद्यालय के व्यवस्थापक सुभाष अरोरा ने आगंतुको तथा मुख्य अतिथियो के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर गुरदीप अरोरा, प्रीतम अरोरा, दिलीप अरोरा ने अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किये। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल एवं भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा आदि मौजूद थे।

# निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी के भाई राजेन्द्र का आकस्मिक निधन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगला नगर पालिका परिषद क्षेत्र के समाजसेवी एवं वार्ड एक फुलसुंगा के निवर्तमान पार्षद भाजपा नेता सुरेश गौरी के बड़े भाई स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्थानीय शाखा से सेवानिवृत गंगापुर रोड़ निकट जेसीज स्कूल निवासी राजेन्द्र पुत्र स्व: कुन्दन का गत सायं अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाने से निधन हो गया। जिनका आज रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में अंतिम संस्कार किया गया जहां भारी संख्या में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि देकर अतिम विदाई दी।



स्व. राजेन्द्र वर्ष 2023 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्थानीय शाखा से सेवानिवृत हुए थे और अपने छोटे सुपुत्र एडवोकेट विरेन्द्र प्रताप के साथ गंगापुर रोड़ पर होटल कारोबार में सहयोग कर रहे थे। जबकि बड़ा पुत्र रवि वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में एयर फोर्स में सेवा दे रहा है। दोनों ही पुत्र विवाहित हैं। बताया जाता है कि गत सायं अचानक उनका स्वास्थ्य खराब हुआ। परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके अचानक निधन से परिजन स्तब्ध रह गये आर परिवार में शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्व. राजेन्द्र अपने पीछे पत्नी खष्टी देवी, भाई एसबीआई शाखा में कार्यरत हेम चन्द्र, निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी व उद्यान विभाग में कार्यरत दिनेश चन्द सहित पूरे परिवार को बिलखता छोड़ गये। स्व. राजेन्द्र मूल रूप से खड़ी बाजार रानीखेत के निवासी थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही शहर में शोक की लहर व्याप्त हो गई और भारी संख्या में लोग शोक व्यक्त करने गंगापुर रोड़ स्थित उनके आवास पहुचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान प्रीत ग्रोवर , नन्दलाल, जगदीश तनेजा, हरीश जोशी, परमपाल सुखीजा, प्रमोद धींगरा, अजय अनेजा, गोपाल सिंह पटवाल, परमानन्द, विक्की, सुमेर सिंह, अशोक, कमलेश पाण्डे, जेडी भगत, रामस्नेही, जय सिंह, संजय सिंह, निर्मल झा, अमित चौहान, एलडी जोशी, इंद्र रावल, मुनि, बिट्टू मिश्रा, अर्जुन विश्नोई, महेश गंगवार, गजेंद्र गंगवार, विनय भदौरिया, प्रकाश चन्द्र, रोहित चौहान, राजेश सिंह, रंजीत सिंह, शिव शंकर, आलोक राय, जीवन राम, राम सिंह, अजमेर सिंह व आईडी शर्मा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# एसएसपी की प्राथमिकताओं को नहीं लग सके पंख

## स्मैक चरस सट्टा शराब ने किया खाना खराब

■ मनोज श्रीवास्तव

काशीपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्र ने यूएस नगर में बतौर एसएसपी पदभार ग्रहण करते हुए जिन महत्वपूर्ण समस्याओं को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया था उसे पंख नहीं लग सके। चौकी थानों में तैनात भ्रष्ट पुलिसकर्मी अब भी अवैध वसूली एवं जरायम कारोबार को बाकायदा संरक्षण देते हुए सुविधा शुल्क के रूप में मोटी रकम वसूल कर रहे हैं। राज्य की सीमाएं असुरक्षित है। चरस (सुल्फा) व स्मैक की खुलेआम बिक्री की जा रही है। सट्टा किंग आज तक पुलिस के हत्थे नहीं चढ सका। उल्लेखनीय है कि नवनियुक्त पुलिस कप्तान ने जिले में चार्ज लेने के बाद और मीडिया से रूबरू होते हुए महिलाओं पर होने वाले अपराध, बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था एवं नशे के गैर कानूनी कारोबार पर अंकुश लगाने का वादा किया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के प्रयासों में कोई कमी नहीं है लेकिन चौकी थानों में लंबे समय से जमे कुछ भ्रष्ट पुलिसकर्मी पुलिस कप्तान के प्रयासों को पलीता लगाने में लगे हैं। ऐसे पुलिसकर्मियों में अधिकांश को कारखास का तमगा हासिल है। राज्य की सीमा पर स्थापित पैगा पुलिस की आंख के सामने प्रतिदिन यूपी की सीमा से दर्जनों की तादाद में ईंट भरे ट्रैक्टर ट्रालियों के अलावा डंपर व ट्रक बड़ी ही आसानी से बॉर्डर पार कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि ईंट कारोबारियों का पुलिस से महीना बंधा है। बांसफोड़ान अल्ली खां व मजरा आदि मोहल्लों में अवैध सट्टे का गैर कानूनी कारोबार जड़ जमा चुका है। मजे की बात है कि पूरा क्षेत्र सट्टा किंग के नाम से वाकिफ है लेकिन कानून के हाथ उसकी गर्दन तक कभी नहीं पहुंचे। इसी तरह पीएम हाउस के पास व अल्ली खां में लम्बे समय चरस की अवैध बिक्री में लिप्त भाभी और सलीम जैसे आधा दर्जन लोगों को पुलिस नहीं पकड़ पा रही है। नशा कारोबारी पूर्व में कई बार जेल की हवा खा चुके हैं लेकिन हौसले आज भी पस्त नहीं हुए। रमपुरा, खाई खेड़ा, गिन्नी खेड़ा, वीरपुर, कटैया, छोटी बरखेड़ी, बड़ी बरखेड़ी, कनकपुर, समेत कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के कोसी नदी से सटे कछार व जंगली इलाकों में लाखों लीटर जहरीली शराब प्रतिदिन बनाई और बेची जा रही है। दारूबाजों के लिए सार्वजनिक स्थान महफूज ठिकाने बना चुके हैं। शाम होते ही नगर के दो दर्जन से भी अधिक महत्वपूर्ण स्थान पर शराबियों को सड़कों पर पैग से पैग टकराते देखा जा सकता है।इतनी तमाम विसंगतियों के बीच यदि कहा जाए कि कानून व्यवस्था शहर में आजभी पटरी से नीचे है तो अतिश्योक्ति नहीं होना चाहिए।

## बदमाश वसूलते हैं गुंडा टैक्स

काशीपुर। पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के समीप टांडा तिराहे पर अवैध मैजिक स्टैंड होने के कारण गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। टांडा उज्जैन तिराहे पर व रेलवे स्टेशन के गेट पर ट्रेनों के आवागमन के वक्त ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित रहती है। बैटरी रिक्शा चालक व मैजिक टेंपो टैक्सी के चालकों का का उपरोक्त स्थानों पर आतंक होता है। टांडा तिराहे पर वाहनों से एक व्यक्ति द्वारा नंबर लगाने के नाम पर गुंडा टैक्स वसूल किए जाने की भी सूचना है। इसी तरह रेलवे स्टेशन पर भी सवारियां भरने के नाम पर गुंडा टैक्स वसूल किए जाने की सूचना है। अवैध वसूली करने वालों को कथित तौर पर पुलिस का संरक्षण होता है।

# हर सप्ताह काशीपुर में जनता दरबार लगायेंगे एसएसपी

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। आम जनता को बेहतर तरीके से न्याय दिलाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने एक और बड़ा कदम उठाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा अब हर सप्ताह को काशीपुर में जनता दरबार लगा



कर आम जनता की जन समस्याओं से रूबरू होंगे और आम नागरिकों से सीधे सम्पर्क करेंगे। जिले में भय मुक्त वातावरण और कानून के प्रति आम जनता का विश्वास कायम रखने के लिए एसएसपी ने यह कदम उठाया है। दरअसल जिले के काशीपुर के जिला मुख्यालय रुद्रपुर से दूरी करीब 55 किलोमीटर दूर है, और काशीपुर से आने वाले आम नागरिकों को जिला मुख्यालय रुद्रपुर तक आने में घंटों का सफर तय करना पड़ता है और जिला मुख्यालय पहुंचते पहुंचते आम नागरिकों को देर शाम हो जाती है जिसकी वजह से यह आम नागरिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के दरबार में पहुंचकर अपनी समस्याओं को सुनाने में निराश रहते हैं, लेकिन अब उन्हें रुद्रपुर आने की कोई जरूरत नहीं है,अब काशीपुर सहित अन्य क्षेत्रों के नागरिकों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा से सीधे सम्पर्क के लिए उन्होंने हर मंगलवार को काशीपुर के एस पी सिटी के कार्यालय में आम जनता से रुबरु होने के हर मंगलवार को जनता दरबार लगाने के निर्देश जारी किए हैं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा से आम नागरिकों को अब सीधे संवाद के अवसर प्रदान किए गए हैं।

# दिव्यांगों को कृत्रिम अंग वितरण 25 नवम्बर को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर द्वारा संचालित विवेकानन्द सेवा केंद्र द्वारा दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 28 दिव्यांग जनों के कृत्रिमांगों के नाप लिए गए, जिन्हें 25 नवम्बर को उन्हें प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ परिषद के प्रान्तीय उपाध्यक्ष संजय राधू विवेकानन्द सेवा केंद्र के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विमल अरोरा तथा विवेकानन्द शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए शाखा के सचिव अक्षय गहलौत ने बताया कि परिषद द्वारा संचालित विवेकानन्द सेवा केंद्र के अंतर्गत इस वर्ष का यह



तीसरा शिविर है, इन शिविरों के माध्यम से ऐसे दिव्यांग जिनके हाथ अथवा पैर दुर्घटना अथवा बीमारी से कट गए हैं अथवा पोलियो आदि के कारण टेढ़े मेढ़े हैं, के नाप लेकर और बनाकर उन्हें प्रदान किए जाते हैं। परिषद के सेवा सूत्र के अंतर्गत चलने वाले इन शिविरों के माध्यम से विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर अभी तक 600 से अधिक कृत्रिम अंग उपलब्ध करवा चुकी है। शिविर में 28 दिव्यांग जनों के नाप लिए गए, उन्हें 25 नवम्बर को कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में शाखाकोषाध्यक्ष अभि अग्रवाल, सदस्य प्रतीक तुलसयान, शीश पाल सिंह,मनीष अग्रवाल, लक्ष्य अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता के लिए चलाया जनजागरूकता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।स्वयंसेवी ने मनाया राज्य स्थापना दिवस अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर के एनएसएस स्वयंसेवियों ने राज्य स्थापना दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाकर राज्य स्थापना दिवस बड़ी ही सादगी से मनाया। इस अवसर पर सर्वप्रथम स्वयंसेवियों ने विद्यालय के सेवित क्षेत्र फाजलपुर महरौला, रमपुरा बरार नगर, प्रीत विहार इत्यादि क्षेत्रों में स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को साफ सफाई तथा स्वच्छता की प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात विद्यालय में कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा ने उत्तराखंड राज्य के इतिहास के बारे में विस्तार से बात कर उत्तराखंड के सांस्कृतिक ,धार्मिक तथा प्राकृतिक महत्व से सभी स्वयंसेवियों को अवगत कराया। उन्होंने भारतीय सुरक्षा बलों में उत्तराखंड राज्य के लोगों के योगदान तथा राष्ट्रीय सुरक्षा में



उत्तराखंड वासियों के महत्व को स्वयंसेवी को अवगत कराया। प्रधानाचार्य दया शंकर पांडे ने सभी स्वयंसेवियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा एक आदर्श नागरिक के रूप में उत्तराखंड राज्य की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा,यतेंद्र सिंह यादव ,डॉक्टर विपिन कुमार गुप्ता, बीएड प्रशिक्षु हेमा जोशी,जगदीश भट्ट, वीरेश्वर मंडल सहित सभी स्वयंसेवी उपस्थित थे।

# हिन्दू धर्मशाला के विपिन गुप्ता अध्यक्ष व राधेश्याम महामंत्री बने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर के सबसे प्राचीन हिंदू धर्मशाला के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। जिसमें विपिन गुप्ता को पुन: अध्यक्ष और राधेश्याम अग्रवाल को महामंत्री चुना गया। मुख्य चुनाव अधिकारी श्रीकांत खंडेलवाल की देखरेख





में धर्मशाला के चुनाव कराये गये। इसके अतिरिक्त उपाध्यक्ष पद पर अशोक कुमार गर्ग, उपमंत्री पद पर नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार गुप्ता, आय-व्यय निरीक्षक पद पर भोलाशंकर जोशी निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विपिन गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर धर्मशाला हितों हेतु कार्य करने का भरोसा दिया गया। धर्मशाला समिति के सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी

# अर्धनग्न होकर बाईक पर स्टंट करना भारी पड़ा

## वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्टाग्राम पर फेमस होने जुनून में एक युवक द्वारा मेन रोड में अर्धनग्न होकर बाइक से स्टंट का प्रदर्शन करना भरी पड़ गया। इसका वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने संगठन लेते हुए बाईक चालक युवक का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे धकेल दिया। मिली जानकारी के अनुसार एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी चैकिंग कर एवं स्टंटबाजों पर अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। आदेश के क्रम में सभी संबंधित



द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। हल्द्वानी नैनीताल रोड में शर्ट उतार कर अर्धनग्न अवस्था में बाइक संख्या यूके 04 ए एन 5723 से स्टंट किए जाने का वीडियो प्राप्त होने पर प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव द्वारा कार्यवाही करते हुए चालक का पता लगाया। जिसकी पहचान श्याम सिंह निवासी तोला रैकुनी रीठा साहिब के रूप में हुई। सोशल मीडिया पर लाइक्स के लालच में बाईक से स्टंट किए जाने पर पुलिस द्वारा उसके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही कर बाइक सीज की गई। एसएसपी ने सभी युवाओं से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। नशे में वाहन न चलाएं एवं स्टंटबाजी न करें। मर्यादा में रहें। नियमों का पालन करें जिससे स्वयं भी सुरक्षित रहेंगे और सड़क पर चलने वाले अन्य व्यक्ति चालक भी सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ख्खतरनाक करतब (स्टंट) आपको अस्पताल भेज सकता है और जेल भी भेज सकता है

# खराब बीज देने पर पोपली बीज स्टोर के स्वामी पर केस दर्ज

## दर्जनों किसानों ने उड़द का खराब बीज देने का लगाया था आरोप

गदरपुर(उद संवाददाता)। बीते दिनों दर्जनों किसानों ने गदरपुर के पोपली बीज स्टोर पर खराब उड़द का बीज देने का आरोप लगाते हुए गदरपुर सहित रुद्रपुर में भी प्रदर्शन कर आरोपी पोपली बीज स्टोर के स्वामी के खिलाफ डटकर प्रदर्शन किया था जिसको संज्ञान में लेते हुए मुख्य कृषि अधिकारी डॉ अभिषेक सक्सैना ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर को रिपोर्ट प्रेषित करते हुए आरोपी दुकान स्वामी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया है वहीं गदरपुर पुलिस ने उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद तहरीर के आधार पर पोपली बीज स्टोर स्वामी के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य कृषि अधिकारी डॉ अभिषेक सक्सैना ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि तहसील गदरपुर के कृषकों द्वारा मैसर्स पोपली सीड एंड फीड (पोपली बीज स्टोर) गदरपुर से उड़द प्रजाति पी यू 31 खरीदा गया था लेकिन एक लंबे अंतराल के उपरांत भी बोई गई उड़द फसल में ना तो फूल आए और ना ही फली तथा उड़द की फसल पूर्ण रूप से पीली पड़ गई। इसी क्रम में गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के वैज्ञानिकों के साथ किसानों के खेत का स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि उक्त उड़द फसल का बोया गया बीज पी यू 31 प्रजाति का नहीं है जिसके कारण पीला मोजेक रोग का अत्यधिक प्रकोप होने के कारण फसल में क्षति हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि उड़द बीज से संबंधित विक्रेता मैसर्स पोपली सीड एंड फीड स्टोर (पोपली बीज स्टोर )गदरपुर को एक नोटिस भी जारी किया था जिस नोटिस का जवाब को पोपली सीड एंड फीड स्टोर स्वामी द्वारा यह दिया गया था कि उनके द्वारा कृषकों को उड़द की बीच की आपूर्ति नहीं की गई है लेकिन प्रारंभिक जांच में पाया गया कि कृषकों द्वारा ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से पोपली सीड एंड फीड स्टोर (पोपली बीज स्टोर) को भुगतान किया गया है, और बताया पवन कुमार जो गदरपुर में पशु आहार एवं क्रोकरी का व्यवसाय करते हैं उनके द्वारा शपथ पत्र दिया गया है कि उनके स्वयं के उपयोग हेतु एवं अन्य तीन-चार कृषक को हेतु उड़द पी यू 31 मैसर्स पोपली सीड एंड फीड स्टोर (पोपली बीज स्टोर) गदरपुर से खरीदा गया है। इससे प्रतीत होता है कि पोपली बीज स्टोर गदरपुर स्वामी द्वारा कृषकों को गलत बीज देकर उन्हें धोखा दिया है वहीं थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने तहरीर के आधार पर पोपली बीज स्टोर के स्वामी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आठ वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का प्रयास

रुद्रपुर। शहर की एक कालोनी में बकरी चरा रहे किशोर ने एक बालिका को पकड़ लिया और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बालिका की चीख-पुकार सुनकर कालोनी के लोग एकत्रित हो गए और आरोपी को पकड़ लियाकर पुलिस के हवाले कर दिया। किशोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कालोनी से बड़ी संख्या में लोग चौकी पहुंच गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक आदर्श कालोनी चौकी क्षेत्र के एक मोहल्ले में रविवार की शाम एक किशोर बकरी चरा रहा था तभी एक बालिका घर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक किशोर ने बालिका को खाली प्लाट में बुलाया। मासूम की चीख-पुकार सुनकर कालोनी के लोग एकत्रित हो गये। उन्होंने आरोपी किशोर को पकड़ लिया। मौके पर चौकी प्रभारी एचएस सिंह मय पुलिस पुलिस फोर्स के पहुंच गए और आरोपी को हिरासत में लेकर चौकी आ गए। बाद में कार्रवाई की मांग को लेकर कालोनी के लोग भी चौकी पहुंच गए। कालोनी के लोगों के मुताबिक आरोपी ने बालिका के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बालिका अपनी बड़ी बहन के साथ ट्यूशन पढ़कर आ रही थी। बड़ी बहन आगे निकल गई और वह पीछे रह गई। एसएसआई ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसके खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## वैश्विक महाशक्तियां

अर्थव्यवस्था के मामले में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की अच्छी साख बनी है। अब दुनिया के विकसित और महाशक्ति कहे जाने वाले देश भी भारत को आर्थिक रूप से लगातार मजबूत होते देश के तौर पर स्वीकार करने लगे हैं, तो इसका मतलब है कि यह आज वैश्विक पटल पर कई स्तरों पर यह अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। अर्थव्यवस्था से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई समस्याओं और अलग-अलग देशों के साथ कूटनीति के मोर्चे पर भारत ने अपनी एक स्वतंत्र और मजबूत पहचान बनाई है। शायद यही वजह है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस बात की स्पष्ट वकालत की है कि भारत वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल होने का हकदार है, क्योंकि इसकी अर्थव्यवस्था किसी भी अन्य देश की तुलना में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके अलावा, पुतिन ने यह भी कहा कि भारत की आबादी करीब डेढ़ अरब है, यहां एक प्राचीन संस्कृति रही है और यहां भविष्य में भी विकास की बहुत अच्छी संभावनाएं हैं। रूस और भारत के बीच बहुत पहले से अच्छे संबंध रहे हैं और इस नाते दोनों एक दूसरे के सम्मान का खयाल रखने की कोशिश करते रहे हैं। मगर पिछले कुछ दशक में भारत ने आर्थिक और वैश्विक साझेदारी के मोर्चे पर जिस तरह लगातार शक्ति अर्जित की है, उसमें उसे नजरअंदाज करना कठिन हो गया है। खासकर, वैश्विक दक्षिण के देशों को एकजुट करने में इसकी अहम भूमिका रही है। इसने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भू-राजनीति की दृष्टि से जो नए समीकरण बने हैं, उसमें भारत को एक ताकतवर सहयोगी के तौर पर देखा जा रहा है और उसे उचित जगह देने की वकालत की जा रही है। मसलन, हाल के वर्षों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को भी स्थायी सदस्य के तौर पर शामिल करने को लेकर अब अक्सर आवाज उठाई जाती है। कूटनीतिक स्तर पर भी कई जटिल समस्याओं का हल निकालने में इसने एक मजबूत पक्ष के रूप में काम किया है। इसलिए पुतिन का भारत को वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल करने का सुझाव अकारण नहीं है।

# केदारनाथ उपचुनाव में हरदा ने झोंकी ताकत

**केदारघाटी के कई क्षेत्रों में भ्रमण कर कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत के लिए मांगे वोट,लोगों ने किया स्वागत**

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। केदारनाथ उपचुनाव में कांग्रेस के स्टार प्रचारक और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत बीते तीन दिनों से केदारघाटी में डेरा डालकर पार्टी प्रत्याशी मनोज रावत के प्रचार में जुटे हैं। कांग्रेस ने मनोज के पक्ष में अपनी पूरी ताकत प्रचार में झोंक दी है। तीन दिनों से हरीश रावत केदारघाटी के सोनप्रयाग, त्रियुगीनारायण से लेकर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। हरीश रावत कहा कि कांग्रेस की सरकार के दौरान तब कई कार्य हुए। आपदा प्रभावितों की समस्याओं से लेकर क्षेत्रीय विकास को लेकर विशेष कार्य किए गए। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कई बुजुर्ग सीएम हरदा को अपने करीब पाकर स्थनीय लोग बेहद उत्साहित भी हो रहे है। केदारनाथ विधानसभा के बावई क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में आम जनता विशेषकर मातृ शक्ति के समर्थन कांग्रेसजन मौजूद रहे। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अगस्त्यमुनि में केदारनाथ की दिवंगत विधायक स्वर्गीय श्रीमती शैलारानी रावत के घर पहुंचकर उनकी पुत्री सुश्री ऐश्वर्या रावत जी से भेंट की ओर उनकी माता जी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की ओर स्वर्गीय शैला रानी रावत के रुद्रप्रयाग जनपद व राज्य के विकास





फाटा, मैखंडा, गुप्तकाशी और देवली भणिग्राम सहित अनेक क्षेत्रों में घूम-घूमकर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक मनोज रावत के लिए वोट मांग रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने 2013 की आपदा में सबसे जनहानि प्रभावित गांव देवलीभणि ग्राम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं केदारघाटी में पहुंचने पर पूर्व सीएम का ग्रामीणों से भेंट कर कुशलक्षेम पूछी। अपने स्नेहपूर्ण अंदाज से ग्रामीणों को सियासी संदेश भी देते हुए दिख रहे है। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत ने चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीण पगडंडियों से होकर लोगों के घर घर जाकर जनसम्पर्क किया और उनकी समस्याओं को भी सुना। वहीं कई क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर सड़कों की बदहाली को लेकर भी चिंता व्यक्त की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण समेत वरिष्ठ से तय है केदारनाथ में काँग्रेस की जीत निश्चित होगी। इससे पूर्व पूर्व सीएम ने श्री केदारनाथ विधानसभा के चोपता ब्लॉक के फरसाली गांव में स्थित श्री तुंगनाथ महादेव जी के मंदिर में दर्शन ओर पूजा अर्चना कर केदारनाथ सहित पूरे प्रदेश की खुशहाली की कामना की। जनसभा में जिलाध्यक्ष कुंवर सजवाण पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र नेगी , पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण समेत वरिष्ठ में योगदान को याद किया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत ने मद्महेश्वर घाटी के अनेक गांवों का भ्रमण कर जनता से वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने भाजपा की जन विरोधी नीतियों का विरोध किया। जग्गी बगवान, बेडुला, पाली, मनूसना आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए मनोज रावत ने कहा कि केदारनाथ यात्रा की विफलता, स्थानीय रोजगार को खत्म करने को लेकर लोगों में रोष है।

# भारत अमेरिका सम्बंधों को मिलेंगे नए आयाम

दुनिया के सबसे सफल माने जाने वाले लोकतंत्र अमेरिका के चार साल बाद रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप फिर से राष्ट्रपति बन गए हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक भारतीय मूल की उम्मीदवार कमला हैरिस को पराजित किया है। अमेरिका एक वैश्विक आर्थिक शक्ति है, इसलिए यहां के चुनाव पर दुनिया नजरें टिकाए रखती है। क्योंकि जो भी अमेरिका का राष्ट्रपति चुना जाता है और वह अपनी पार्टी के मुताबिक नीतियों को अमल में लाता है तो विश्व प्रभावित हुए बिना नहीं रहता है। स्वाभाविक है भारत भी इस प्रभाव क्षेत्र का हिस्सा बनता है। भारत इस समय न केवल आर्थिक रूप से मजबूत है, बल्कि रक्षा, स्वास्थ्य और तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होता देश भी है। अतएव अमेरिका का शुभचिंतक होना भारत के लिए विदेश नीति से जुड़े मुद्दों के नजरिये से महत्वपूर्ण है। ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध मैत्रीपूर्ण हैं, इसी कारण ट्रंप के पिछले कार्यकाल में भारत और अमेरिका के संबंधों को नए आयाम मिले थे। इनमें आतंकवाद और घुसपैठ के विरुद्ध मिला समर्थन तो रहा ही है, चीन और पाकिस्तान पर भी ट्रंप नकेल कसते रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह चुनाव ऐसे समय में जीता है, जब दुनिया में दो बड़े युद्ध सालों से चल रहे हैं। बावजूद अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन और अमेरिका द्वारा अनुशासित वैश्विक संस्थाएं इन युद्धों को रोकने में कोई भूमिका रेखांकित नहीं कर पाईं। यदि ये युद्ध नहीं रोके गए तो दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध की ओर भी बढ़ सकती है ?आधुनिक दुनिया के सबसे प्राचीन लोकतंत्र संयुक्त राज्य अमेरिका की बागडोर एक बार फिर से ट्रंप के हाथ में है। उन्होंने इस जीत के साथ अमेरिका में इतिहास बनाया है। 131 साल बाद वे पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने 2020 में चुनाव हारने के चार साल बाद सत्ता प्रमुख के रूप में पुनः वापसी की है। उनके पहले 1893 में ग्रोवर क्लीक्लैंड ऐसे पूर्व राष्ट्रपति थे, जिन्हें दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने का अवसर मिला था। ट्रंप की जीत आसान नहीं मानी जा रही थी। लेकिन उन्होंने दक्षिणपंथी नीतियों को अमल में लाने के भाषण देकर अमेरिकी मतदाताओं को ध्रुवीकृत करने में सफलता हासिल कर ली। इसीलिए ट्रंप की जीत को अमेरिका में व्याप्त असंतोष की उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। ऐसी आशंकाएं भी जताई जा रही हैं, कि ट्रंप की इस जीत से अमेरिका में नस्लीयता बढ़ेगी और 'अमेरिका प्रथम' का दृष्टिकोण लेकर यदि ट्रंप आगे बढ़ते हैं तो समाज के वर्तमान मुद्दों के संदर्भ में ध्रुवीकरण बढ़ सकता है। क्योंकि ट्रंप को मिली जीत भी राजनीतिक ध्रुवीकरण का परिणाम है। ट्रंप ने जीत के साथ ही कह दिया है कि मैक्सिको की सीमा पर दीवार उठाई जाएगी और एक करोड़ घुपैठियों को बाहर किया जाएगा। अपने पिछले कार्यकाल में भी ट्रंप इस दिशा में काम कर चुके हैं। ट्रंप की यह नीति भारत की उस नीति का समर्थन है, जिसके तहत वह बांग्लादेश और म्यांमार से अवैध घुसपैठियों को बाहर करने की निर्णायक कानूनी लड़ाई लड़ रहा है। ट्रंप सोशल मीडिया पर बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्प संख्यकों पर हो रहे हमले और अत्याचार पर भी कड़ा रुख जता चुके है। ट्रंप के पिछले कार्यकाल की उदार नीतियों का ही परिणाम था कि भारत आई-2 और यू-2 अर्थात चार देश भारत, इजरायल, अरब-अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा गठित एक नया समूह है, इसे आर्थिक सहयोग के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच कहा जाता है। यह मध्यपूर्व और एशिया में आर्थिक और राजनीतिक सहयोग के विस्तार पर केंद्रित है। इसके अंतर्गत व्यापार, जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपाय, ऊर्जा सहयोग और अन्य महत्वपूर्ण साझा हितों पर आपसी तालमेल बनाए जाता है। जिससे इस समूहों के देशों का हित सुरक्षित हो। चार देशों का यह समूह आधारभूत संरचना, प्रौद्योगिकी और समुद्री सुरक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर समर्थन और सहयोग को बढ़ावा देता है। इसी समूह के अंतर्गत नई, दिल्ली और वाशिंगटन यूरोप में समुद्री मार्ग से आवाजाही के लिए एक जहाजी गलियारा भी बनाने में लगे हैं। यह भारत से आरंभ होकर पश्चिम एशिया से गुजरता हुआ अमेरिका तक पहुंचेगा। चीन हिंद महासागर में समुद्री गलियारे को लेकर निरंतर हस्तक्षेप करता रहा है, ऐसे में यह गलियारा बन जाता है तो चीन की समुद्री जल मार्गों में दखल कम होगा। चीन के प्रति ट्रंप का रुख पहले भी सख्त रहा है। इसीलिए लगता है, ट्रंप इस गलियारे को अस्तित्व में लाने की दृष्टि से निर्णायक पहल करेंगे। अतएव इस नजरिए से ट्रंप की जीत भारत के लिए हितकारी उपलब्धि है। ऐसा भी माना जा रहा है कि ट्रंप उन देशों पर शुल्क और आयात प्रतिबंध लगाएंगे। जिनके बारे में उन्हें आशंका है कि ये देश अमेरिकी हितों के शुभ चिंतक नहीं है। इनमें चीन और कुछ यूरोपीय देश शामिल हैं। यदि ये उपाय संभव हुए तो भारतीय वस्तुओं के निर्यात के लिए नए बाजार खुल सकते हैं। बार्कलेज पीएलसी ने ट्रंप की जीत के बाद एक शोध रिपोर्ट के आधार पर कहा है कि व्यापार नीति के लिहाज से ट्रंप एशिया के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। बार्कलेज का अनुमान है कि ट्रंप के शुल्क प्रस्ताव चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 2 प्रतिशत की कमी लाएंगे और क्षेत्र की बांकी अधिक खुली अर्थव्यवस्थाओं पर दबाब डालेंगे। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत, इंडोनेशिया और फिलिपींस सहित ऐसी अर्थव्यस्थाएं उच्च शुल्क के प्रति कम संवेदनशील होंगी, जो घरेलू बाजार पर अधिक निर्भर हैं। ऐसा भी अंदाजा है कि ट्रंप भारत के मित्र होने के कारण भारत में स्थित अमेरिकी कंपनियों में बड़ा निवेश करने के रास्ते खोलेंगे। इसलिए कुल मिलाकर ट्रंप की जीत को भारतीय अर्थवयवस्था के लिए एक बड़ी सकारात्मक घटना मानी जा रही है। भारत अमेरिका को वाहन, कपड़ा और दवाएं उची सीमा शुल्क चुकाकर निर्यात कर रहा है। अमेरिका भारत का इस समय सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। अमेरिका से भारत का सालाना कारोबार 200 अरब डॉलर के करीब है। याद रहे चीन के बड़ा वैश्विक व्यापारी बनने में अमेरिका का ही योगदान रहा है। लेकिन ट्रंप ने संरक्षणवादी व्यापार को सुरक्षित रखने के उपाय किए तो भारत के निर्यात पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। ट्रंप ने अमेरिका में स्नातक कर रहे भारतीय छात्रों को ग्रीन कार्ड देने का वादा किया है। इस आधार पर पांच लाख भारतीय छात्रों को अमेरिका में प्रवेश नौकरी या अन्य काम करने का अधिकार मिल सकता है। ट्रंप अमेरिका में छिपे बैठे खालिस्तानी आतंकी पन्नू और अन्य अपराधियों पर भी लगाम लगा सकते हैं। ट्रंप ने पिछले कार्यकाल में पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य और आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे। बाइडेन के कार्यकाल में ये शिथिल रहे। यदि ट्रंप इन्हें सक्रिय करते हैं तो पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आतंकवाद की मुश्कें कसने की दृष्टि से ट्रंप इन प्रतिबंधों को सख्ती से लागू कर सकते हैं। वैसे भी ट्रंप पाकिस्तान की बेहिचक सार्वजनिक रूप से आलोचना करते रहते हैं। 2020 में जब चीन और भारत के बीच लद्दाख के गलबान क्षेत्र में सैन्य झड़पे हुई थीं, तब ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से दोनों देशों के बीच समझौते के लिए मध्यस्थता करने की बात कही थी। लेकिन भारत की बड़ी चिंता ईरान को लेकर हो सकती है। भारत ईरान में चाबहार बंदरगाह बना रहा है। इसमें अरबों रुबए खर्च होंगे। लेकिन ये बंदरगाह बन जाता है तो भारत को ईरान से तेल आयात करने में सुविधा रहेगी। ट्रंप ईरान पर नए सिरे से प्रतिबंधों पर भी फैसला ले सकते है। हालांकि इस समय भारत एक बड़ी आर्थिक और भूराजनीतिक शक्ति है और उसकी इस शक्ति का लोहा मुस्लिम देशों समेत पूरी दुनिया मान रही हैं। इन्हीं ताकतों का परिणाम हैं कि चीन का रुख बदला है और दोनों देश सीमा से सैनिक पीछे हटा रहे है। इस भारतीय शक्ति का ही परिणाम है कि भारत-चीन सीमा पर शांति बहाल हो रही है।



**प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# गुरूकुल एकेडमी में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

गूलरभोज(उद संवाददाता)।गुरुकुल एकेडमी गुलरभोज में खेल महाकुंभ आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेता तिलक राज गंभीर आयोजक निर्विकार मोया द्वारा खेलों का शुभारंभ मां सरस्वती पर दीप प्रज्वलित कर किया। 200 मीटर बालिका वर्ग अंडर 14 का अंडर 17 के खेलकूद हुए अंडर 14 कामना द्विवेदी, 60 मीटर दौड़ में प्रथम भूमिका पाठक, द्वितीय दक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 600 मीटर दौड़ में वैष्णवी भट्ट प्रथम केसर द्वितीय सोनिका तृतीय स्थान पर रही ।अंडर 17 00 मीटर दौड़ में दिया प्रथम निहारिका द्वितीय अंकित बहुगुणा तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेक में दीक्षा प्रथम, यशिका गुप्ता, द्वितीय स्थान पर रही । इस अवसर पर सी. आर .सी प्रमुख कुंदन लाल कौशिक, जगदीश सिंह, होशियार सिंह, अमित चौहान, धर्म सिंह मेहता, परमजीत सिंह, बृजेश दुबे, देव सिंह, कीर्ति कुमार, राजेश शर्मा, चेतन मेहर, अमित कुमार गुप्ता, सूर्यांश आदि उपस्थित थे।



# हीरा सिंह हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

## नशे में धुत दो ममेरे फुफेरे भाई ने पीट पीट कर की थी हत्या, दोनों गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। हाईवे के लिंक मार्ग के किनारे बगीचे में हत्या कर फेंकी गई युवक की लाश के मामले का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया। मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त ईंट भी बरामद कर ली है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस को एक नवंबर को ग्राम सिद्धा में बगीचे में झाड़ियों के पास एक अज्ञात शव मिला था। मृतक के सिर, चेहरे और शरीर में चोट के निशान थे। उसकी शिनाख्त पाटी के चौड़ाकोट (चंपावत) निवासी हीरा सिंह पुत्र केसर सिंह के रूप में हुई। मृतक की पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू की। खुलासे में जुटी पुलिस ने लगभग 150 लोगों से पूछताछ की। थाना क्षेत्र में नग्न अवस्था में मिले हीरा सिंह की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि हीरा सिंह की हत्या ममेरे फुफेरे भाई ने नशे में धुत्त होकर बैल्ट व हाथों से पीट-पीट कर बेरहमी से हत्या की थी। घटना का खुलासा करते हुये



थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव ने बताया कि 1 नवम्बर को ग्राम सिद्धा में बगिया में झाडियों के पास एक अज्ञात युवक का शव मिला था, जिसके चेहरे व शरीर पर कई चोटे के निशान है, जिसकी हत्या की आशंका जताते हुये पुलिस ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। 4 नवम्बर को मृतक हीरा सिंह के पिता केशर सिंह ने मृतक की पहचान अपने पुत्र के रूप में की। पुलिस ने पिता की तहरीर पर हत्या का मुकद्दमा दर्ज कर हत्यारों की तलाश शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि 31 नवम्बर को रात दीपावली के पटाखों के शौर के बीच बगिया में ही नशे में धुंत्त ममेरे फुफेरे भाई सिद्धा नवदिया नानकमत्ता निवासी अजय पुत्र पप्पु भारती , विजय पाल पुत्र नन्हें लाल निवासी गरगईया थाना देवरनिया जिला बरेली ने बैल्ट व पीटकर उसकी हत्या की थी। दोनों आरोपी घटनास्थल के पास ही कुछ मीटर की दुरी पर रहते थे। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ईट व बैल्ट बरामद कर ली है। दोनों आरोपियों को न्यायल पेष किया जायेगा। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष झनकईया अनिल जोशी, उपनिरीक्षक अनिल जोशी , उप निरीक्षक अशोक काण्डपाल, कृपाल सिंह, रजनी गोस्वामी, प्रकाश आर्य, मोहन बोरा, एसओजी प्रभारी संजय पाठक, कांस्टैबल भुपेन्द्र आर्या आदि थे।

## नशा बना हत्या का कारण बिना कुछ सोचे समझे उतार दिया मौत के घाट

नानकमत्ता। मृतक हीरा सिंह की नानकमत्ता में गुरूद्वारा रोड गुरूद्वारा मार्केट में केक की दुकान थी, चम्पावत से दो माह पूर्व ही यहां किराये पर दुकान ली थी। मृतक अक्सर घटनास्थल के पास जाता था, 31 अक्टूबर को दिन में बगिया के पास गया था। वही बगिया में नशे में उसका सामना विजय पाल व अजय पाल से हो गया। दोनों आरोपी विजय व अजय शराब के नशे में इतना चूर थे कि उन्होंने हीरा सिंह की हत्या किस बात पर की। पुलिस के मुताबिक मृतक व आरोपी पहले से एक दूसरे को नही जानते थे। अंदेशा है कि शराब के नशे में किसी बात को लेकर हीरा सिंह से विवाद के चलते तैस में दोनों भाईयों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। और उसके कपड़े भी उतारकर नग्न अवस्था में कर दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों इतने नशे में थे कि उन्होंने बिना कुछ सोच समझे उसे मौत के घाट उतार दिया। लेकिन मृतक की पहचान छिपाने के लिए शरीर से उसके सभी कपड़े उतारकर फेंक दिए थे। ताकि मृतक की पहचान न हो सके। पुलिस को मृतक के षव के पास कुछ दुरी पर कपड़े बरामद हुंए थे।



## यूनियन बैंक ने मनाया 106 वां स्थापना दिवस

सितारगंज (उद संवाददाता)। यूनियन बैंक की शाखा ने 106 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस मनाया। शाखा प्रबंधक प्रियंक गुप्ता ने भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, भाजपा नेता महेश मित्तल समस्त स्टाफ और बैंक खाताधारकों के साथ मिलकर केक काटा। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल व भाजपा नेता महेश मित्तल ने बैंक के सभी अधिकारियों व खाताधारकों को इस अवसर पर बधाई दी।यूनियन बैंक की स्थापना 11 नवम्बर 1919 को मुंबई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के द्वारा ग्राहक सेवा हेतु प्रथम शाखा का उद्घाटन किया गया था,जो कि आज पूरे भारत



में सरकारी बैंकों की श्रेणी में पंचम स्थान पर है।यूनियन बैंक की पूरे भारत में 11000 से ज्यादा एटीएम और 9000 से अधिक शाखाओं के माध्यम से ग्राहकों को लगातार हम अपनी सेवाएं दे रहा है। प्रबंधक प्रियंक गुप्ता ने बताया कि सितारगंज क्षेत्र के खाताधारकों के लिए बैंक उत्कृष्ट सेवा देने का हमारी शाखा आश्वासन देने के साथ साथ आश्वस्त करती है,भारत सरकार द्वारा जारी कृषि ऋण, शिक्षा ऋण,ग्रह ऋण,नए उद्योगों की स्थापना हेतु ऋण,एम एस एमी ऋण,खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए ऋण आदि उचित ब्याज दरों पर ग्राहकों की संतुष्टि के साथ मुहैया कराने के लिए सदैव तत्पर है।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, भाजपा नेता महेश मित्तल, गौतम निखुरपा,पंकज बिष्ट,राकेश भट्ट,अभिनव गुरुरानी, कशिश अग्रवाल,अर्पित गोयल, राजेश गुप्ता खन्ना संजय गोयल रूपल अग्रवाल मौजूद थे।

## पुलिस कप्तान को इधर भी करना होगा गौर

### हाईवे को बना दिया पार्किंग, सड़कों पर पिलाई जा रही जमकर शराब अपराधिक घटनाओं में हो रही बेतहाशा बढ़ोत्तरी, असुरक्षा का माहौल

काशीपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के बारंबार निर्देश के बावजूद यहां सार्वजनिक स्थानों पर शराब पिलाए जाने का गैर कानूनी गोरखधंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस प्रकरण में पुलिस की भूमिका को संदिग्ध माना जा सकता है। वहीं दूसरी ओर अस्पताल के कुछ संचालकों ने मुरादाबाद रोड से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग को पार्किंग में तब्दील कर दिया है। मजे की बात तो यह है कि हाईवे से होकर जिम्मेदार अधिकारियों के अलावा सीपीयू तथा ट्रैफिक के अधिकारियों का लगातार आवागमन होने के बावजूद रोड पर पसरे अवैध अतिक्रमण को जानबूझकर नजर अंदाज किया जा रहा है। बता दें की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा द्वारा जिले भर में नशे के खिलाफ सदन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कल का अंदाज में यह भी कहा है कि कोई भी पुलिसकर्मी यदि ड्यूटी के दौरान दायित्वों में कोताही करता पाया गया तो उसकी खैर नहीं लेकिन पुलिस कप्तान के इस आदेश का यहां काशीपुर में कुछ खास असर नहीं देखा जा रहा है। बाजपुर रोड पर प्राइवेट बस स्टैंड के सामने गली में मांसाहारी एवं फास्ट फूड के ठेलों के सामने खड़े होकर लोग देर रात तक सार्वजनिक स्थान पर पैग से पैग टकराते देखे जा सकते हैं। इसी के सामने गांधी



आश्रम रोड पर जहां डंपर रिपेयरिंग आदि का कार्य किया जाता है यहां भी एक मांसाहारी दुकान पर पिछले कई वर्षों से पुलिस की कृपा पर खुलेआम देर रात तक शराब पिलाई जा रही है। ऐसे ही मुरादाबाद रोड पर रेलवे स्टेशन से लेकर ढेला पुल तक दर्जन स्थानों पर शाम से लेकर देर रात तक शराबियों को सार्वजनिक स्थान पर दारू पीते देखा जा सकता है। महेशपुरा पुलिया के ठीक बराबर में एक मांसाहारी खाद्यान्न के ठेले पर जमकर शराब चल रही है। किसी के ठीक बराबर तथाकथित होटल में भी शराबियों को पीने के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया जा रहा है। साउथ अस्पताल की ठीक सामने खोखे पर सैकड़ो की तादाद में लोग प्रतिदिन सड़क पर खड़े होकर शराब गटक रहे हैं। इसी तरह देसी शराब की दुकान के ठीक सामने सड़क किनारे मांसाहारी खाद्यान्न के ठेलों पर भी देर रात तक जाम से जाम टकराए जाने की सूचना है। इस लिहाज से देखा जाए तो काशीपुर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के तमाम प्रयासों के बाद भी कानून व्यवस्था पटरी से नीचे है। अपराधिक घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हो रही है।

## ट्रेन से उतर रहे यात्री का मोबाइल लूटा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। ट्रेनों व रेलवे स्टेशन पर चोरी व लूटपाट की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं लेकिन जीआरपी पुलिस इन घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हुई है। इस बार लुटेरों ने ट्रेन से उतर रहे एक यात्री का मोबाइल लूट लिया। यात्री के भाई ने जीआरपी पुलिस को अज्ञात लुटेरे के खिलाफ तहरीर सोपी है। सौंपी तहरीर मे दो नहरिया भोटिया पड़ाव निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र आनंद सिंह ने कहा है कि उसका भाई हरीश सिंह बिष्ट 9 नवंबर को रानीखेत एक्सप्रेस से हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पहुंचा था तभी दो अज्ञात लोग उसका मोबाइल लूट कर वहां से फरार हो गए हैं उसका कहना है कि उसके भाई ने लुटेरों का पीछा किया लेकिन लुटेरे भागने में कामयाब रहे। मामले की तहरीर जीआरपी थाना पुलिस को सौंपी है। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।


